**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 03 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के दस वर्ष पूरे हुए।
- भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में कल जिस ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाशहुआ है, उसका मुख्य आरोपी और सरगना कांग्रेस पार्टी से जुड़ा है।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार थमा। अब राजनितिक दाल या उम्मीदवार किसी प्रकार की बैठक या जनसभायें नहीं कर सकेंगे।
- हरियाणा मे चुनाव प्रचार का अंतिम दिन विभिन्न राजनितिक दलों के स्टार प्रचारकों ने उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभायें एवं रोड शो किए।
- बी.जे.पी नेता योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर झूठी अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया उधर राहुल गाँधी ने कहा कि बी.जे.पी संविधान को बदलना चाहती है।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के आज दस **वर्ष पूरे हो गये** हैं। 2014 में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था।कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, श्री मोदी ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। "मन की बात" कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।पिछले महीने मन की बात में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में कल जिस ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ है, उसका मुख्य आरोपी और सरगना कांग्रेस पार्टी से जुड़ा है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए बी.जे.पी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि आरोपी युवा कांग्रेस आर टी आई प्रकोष्ठ का प्रमुख है। उन्होंने दावा किया कि आरोपी के मोबाइल फोन से कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा से संबंधित संपर्क विवरण और अन्य जानकारी बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सरगना से अपने संबंध पर जवाब देना चाहिए। दिल्ली पुलिस ने कल सबसे

बड़े मादक पदार्थों का भंडाफोड़ किया, जिसमें 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक भांग जब्त की गई,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच हजार, छह सौ करोड़ रुपये है।

**********************************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार थम गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि अब राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी भी प्रकार की बैठक या जनसभाएं नहीं कर सकेंगे। शाम 6 बजे से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध लागू हो गया है। इस समयावधि के दौरान लाउडस्पीकर के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया -

श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार और चुनाव एजेंट को छोड़ कर, पार्टी से जुड़ें अन्य कार्यकर्ता या नेता और प्रचारक जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, वे उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रह सकते हैं। सभी मंत्रियों, सांसद और राज्य विधानसभा के सदस्यों को भी मतदान की समाप्ति के लिए नियमित किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की समयावधि से पहले निर्वाचन क्षेत्र को छोड़ देना होगा।हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए मतदान परसों 5 अक्तूबर को होगा, मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा।

**********************************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने आज अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए जन सभाएं और रोड शो किया । असम के मुख्यमंत्री हिमन्ता बिसवा सरमा ने पलवल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गौरव गौतम के पक्ष में जन आर्शीवाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस को निशाने पर लिया और परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं को घेरा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या,उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं पलवल विधानसभा प्रभारी स्वाति सिंह,पूर्व विधायक दीपक मंगला,बी जे पी प्रत्याशी गौरव गौतम,जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया एवं ,वीरपाल दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे । कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हूडा ने सुबह कालका में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने बी जी पी को निशाने पर लिया और बेरोजगारी व किसानों के मुद्दे पर वोट मांगे। वहीं जन नायक जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता नैना चौटाला ने पंचकूला में अपने प्रत्याशी सुशील गर्ग के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए रोड शो निकाला । बल्लबगढ़ में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बल्लभगढ़ से बी जे पी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया और लोगों से उन्हें जिताने की अपील की । श्री धामी ने कहा कि भारतीय जनता

पार्टी ही पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दे सकती है। हरियाणा में बी जे पी सरकार ने बिना खर्ची व पर्ची मेरिट पर सरकारी नौकरियां दी हैं। आम आदमी पार्टी ने कुरुक्षेत्र की थानेसर विधानसभा से प्रत्याशी कृष्ण बजाज के समर्थन में आज रोड शो निकाला, रोड शो में पूर्व सांसद एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ सुशील गुप्ता सहित पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा भी मौजूद रहे। रोड शो महाराजा अग्रसेन चौक से होता हुआ गुरुद्वारा छठी पातशाही से निकलते हुए शहर के मुख्य मार्गो से गुजरा।

************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रखर नेता एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जिला जींद के सफीदों और जिला कुरुक्षेत्र के शाहबाद में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। सफीदों में बी जे पी प्रत्याशी रामकुमार गौतम के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया।उन्होंने कांग्रेस द्वारा रामलला के मंदिर की स्थापना के कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया । उन्होंने अनुच्छेद 370 को जम्मू कश्मीर में कांग्रेस की देन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में यह अनुच्छेद समाप्त किया गया। उन्होंने कहा कि काँग्रेस हर वर्ग का शोषण करने और बांटने का काम करती है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठी अफवाह फैला कर लोगों को गुमराह करती है। उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया और मिर्चपुर कांड जैसे अनेक उदाहरण है, जहां अनुसूचित जाति के लोगों का अपमान किया गया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह चुनाव हरियाणा के विकास एवं सुरक्षा तथा सुशासन एवं समृद्धि के लिए हैं। शाहबाद में बी जे पी प्रत्याशी सुभाष कलसाना के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर अनुच्छेद 370 और अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र किया। हरियाणा में बी जे पी सरकार ने बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को नौकरी दी है। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ साथ रेलवे का विकास हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो कार्य कांग्रेस 60-65 वर्षों में नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने कर दिखाया है। जनसभा में सांसद नवीन जिंदल भी मौजूद रहे।

************************************************************************

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज नूह और महेंद्रगढ़ के भवानिया गाँव में काँग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जन सभाएं की। इस अवसर पर सांसद दीपेन्द्र हूडा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह सिंह हूडा उनके साथ मौजूद रहे । अपने सम्बोधन में राहुल गांधी ने बी जे पी पर संविधान बदलने की तैयारी और बेरोजगारी बढ़ाने का आरोप लगाया।

नूंह में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बी जे पी पर तीखे हमले किए।

उन्होंने बी जे पी सरकार पर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप भी लगाया। उधर चुनाव से ठीक पहले बीजेपी  नेता अशोक तंवर, राहुल गांधी की मौजूदगी में एक बार फिर कांग्रेस में शामिल हो गए . वो तृणमूल कांग्रेस  और आम आदमी पार्टी में भी रह चुके हैं। लोकसभा चुनाव  में उन्होंने  सिरसा से कुमारी सैलजा को चुनौती थी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।